हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

06 वायरल ऑडियो ने वन विभाग की कार्यप्रणाली...



07 नौनार सरकार धाम आज बनेगा जनकपुर...





## खबर संक्षेप

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सागर संभाग द्वारा बताया गया है कि बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### आबकारी द्वारा अवैध अहातों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी

**सागर।** पिछले 10 दिनों में आबकारी सागर द्वारा गोपालगंज, कटरा, गुजराती बाजार, स्टेशन रोड, गऊघाट, वल्लभनगर, राजीवनगर वार्ड, तिली, मधुकरशाह वार्ड, सिविल लाइन, मकरोनिया, धर्मश्री, खुरई, बीना, बंडा, देवरी एवं रेहली क्षेत्र की मदिरा दुकानों एवं आसपास संचालित अवैध अहातों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान अवैध रूप से संचालित अहातों के विरुद्ध धारा 36(ए) के अंतर्गत कुल 22 प्रकरण कायम किए गए। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा पान, अवैध अहातों के संचालन एवं नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### डॉ अखिल को फिजियोथेरेपी में मिली पीएचडी की उपाधि

**सागर।** महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा डॉ अखिल तिवारी को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की मानद उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध पत्र सीओपीडी के रोगियों में कार्यात्मक व्यायाम क्षमता पर श्वसन मांसपेशी स्ट्रेचिंग के साथ ब्रीदिंग एक्सर साइज के प्रभाव का अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। अखिल तिवारी ने अपना यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी संकाय के अंतर्गत संपन्न किया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके शोध निर्देशक और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉ अखिल तिवारी, ग्राम बड़कुआ निवासी पंडित रामेश्वर प्रसाद तिवारी के सुपुत्र हैं और वर्तमान में पुणे में वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं । इसके पहले विगत वर्ष 2024-2025 में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सागर में वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक के पद पर कार्यरत रह चुके हैं ।

### केंद्रीय जेल सागर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार केंद्रीय जेल सागर एवं उपजेल खुरई, रहली, बंडा में 25 अप्रैल को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य न्याया धीश, म.प्र. उच्च न्यायालय, द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। केंद्रीय जेल सागर में आयोजित शिविर की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर एम.के. शर्मा द्वारा की गई। शिविर में जेल में निरुद्ध पुरुष एवं महिला बंदियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा अस्थि रोग, मेडिसिन, सर्जरी, पीडियाट्रिक, चर्म रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, ईएनटी, दंत रोग, नेत्र रोग सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। साथ ही बंदियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक परामर्श भी दिया। इसके बाद 26 को केंद्रीय जेल सागर में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान समझौता योग्य प्रकरणों के निरा करण हेतु विशेष बेंच का गठन कर कुल 8 प्रकरणों का निराकरण किया।

## एएन सी पंजीयन शत प्रतिशत करें, प्रगति न लाने वालों पर होगी कार्रवाई

# विद्यालयों का परीक्षा परिणाम का परीक्षण कर न्यून परीक्षा परिणाम वाले जन शिक्षकों पर करें कार्रवाईः सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दो दिवस में विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित कर शाला में प्रवेश दिलाए, विद्यालयों का परीक्षा परिणाम का परीक्षण कर न्यून परीक्षा परिणाम वाले जन शिक्षकों पर करें कार्यवाही एवं गर्भवती माता का ए एन सी पंजीयन शत प्रतिशत करें, प्रगति न लाने वालों पर होगी कार्यवाही साथ ही आंगनबाड़ियों के 6 वर्ष के बच्चों को विद्यालयों में दर्ज कराए। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर अपर कमिश्नर पवन जैन, संयुक्त कमिश्नर राजेश शुक्ला, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास बी एल प्रजापति, डॉ एस आर रोशन सहित अधिकारी मौजूद थे।संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्देश दिए की वर्षा काल के पूर्व अर्थात 1 जून की पूर्व तक स्कूल शिक्षा विभाग जर्जर एवं जीर्णशीर्ण विद्यालयों को चिन्हित करें एवं उनका डिसमेंटल करने की कार्यवाही



सुनिश्चित की जावे साथ में क्षतिग्रस्त एवं जीर्णशीर्ण विद्यालयों में शाला का संचालन न किया जाए।बैठक में कमिश्नर ने निःशुल्क किताब वितरण योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एक सप्ताह की समय अवधि में निःशुल्क किताबों का वितरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना की भी जिलेवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत जिन छात्र-छात्राओं को साईकिलों का वितरण नहीं किया गया है उन्हें साइकिलों का वितरण तत्काल करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने मिशन अंकुर की प्रगति की भी जिलेवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मिशन अंकुर कार्यक्रम में छतरपुर, दमोह और टीकमगढ़ की स्थिति ठीक नहीं होने पर कमिश्नर ने स्थिति में सुधार करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर अनिल सुचारी ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की आंगनबाड़ियों में 6 वर्ष पूर्ण कर चुकी विद्यार्थियों को शाला में दर्ज कराए। उन्होंने पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर सागर, टीकमगढ़, दमोह एवं पन्ना के परियोजना अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने की भी निर्देश दिए। संभाग कमिश्नर सुचारी ने निर्देश दिए की गर्भवती माताओं का पंजीयन एवं सभी प्रशिक्षण समय पर किया जावे पंजीयन एवं प्रशिक्षण समय पर न होने वाली संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। गर्भवती माताओं के पंजीयन में सागर, निवाड़ी जिले की प्रगति संतोषजनक न रहने पर आप्रसन्नता व्यक्त की एवं संबंधित अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने एनीमिया की जांच में प्रगति न लाने, फूड बॉस्केट का वितरण न होना, टीवी का पंजीयन में प्रगति न लाने पर एवं दमोह पोषण पुनर्वास केंद्र में लक्ष्य की अनुसार उपलब्धि न होने पर संबंधित अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में दुखद घटना हुई। जिसमें एक बाइक सवार को अपनी जान गंवानी पड़ी। बताया जा रहा है की अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की जान गई। वहीं हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। जिसका कुछ अता-पता नहीं चल पाया है। सड़क पर पड़ी हुई डेड बॉडी को मौके पर मौजूद लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया था। यह पूरी घटना गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत सागर दमोह रोड स्थित नयाखेड़ा से सामने आई है। फ़लिहाल पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। शिनाख्ती के प्रयास किये जा रहे हैं। बताया जा रहा है की गढ़ाकोटा में रविवार की देर रात नयाखेड़ा सागर-दमोह रोड पर एक मोटरसाइकिल चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी जान चली गई। ऐसी भी जानकारी है की उसकी डेड बॉडी सड़क किनारे पड़ी हुई थी। पास में ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। जो बुरी तरह चकनाचूर हो गयी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी थी। इसी दौरान सड़क से गुजर रही 108 एम्बुलेंस को लोगों ने रोका और बॉडी को सामुदायिक अस्पताल भिजवाया। जहां 108 के पायलट प्रदीप पटेल और एमटी धर्मेन्द्र प्रजापति द्वारा बॉडी को सुरक्षित पीएम हाउस में रखवाया गया। मोटर साइकिल दमोह पासिंग बताई जा रही है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक अज्ञात शख्स की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है जानकारी जुटाई जा रही है।

## राहवीर एवं कैशलेस योजना अंतर्गत यात्री बसों में प्रचार हेतु लगवाए गए स्टीकर

**सागर।** परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सागर स्थित मुख्य बस स्टैंड पर यात्री बसों पर राहवीर एवं कैशलेस योजना प्रचार-प्रसार हेतु परिवहन अमले द्वारा स्टीकर लगाये गये। दोनों योजनाओं के कुल 400 स्टीकर तैयार कराकर सागर बस स्टेण्ड से संचालित होने वाली सभी यात्री बसों पर लगाये गये है। जिससे इन दोनों योजनाओं के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाई जा सकें। राहवीर योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को यदि दुर्घटना के 01 घण्टे के अंदर इलाज हेतु अस्पताल पहुंचा जाता है तो अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति को राहवीर संबोधित किया गया है। राहवीर को रू. 25000/- का पुरूष्कार तथा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है। राहवीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने वाली एक नेक योजना है तथा जान बचाने वाले व्यक्ति को इस कार्य हेतु पुरूष्कृत तथा सम्मानित किया जाता है। शासन की एक अन्य महत्वपूर्ण योजना है, नगदी रहत उपचार योजना-2025, इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा तुरंत इलाज प्रारंभ किया जाना अनिवार्य है तथा रू. 1.50 लाख का निःशुल्क उपचार अथवा 07 दिवस तक निःशुल्क उपचार की व्यवस्था इस योजना अंतर्गत की गई है। उक्त दोनों योजनायें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण योजना है। जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से यात्री बसों में स्टीकर लगाये गये है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर द्वारा समस्त यात्री बस संचालकों एवं आमजन से अपील की है कि सभी उपरोक्त दोनों योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने हेतु अपना सार्थक योगदान देवें।



## विधायक गोपाल भार्गव ने 14 मरीजों को उनके परिजनों सहित बेहतर उपचार हेतु भोपाल भेजा

**गढाकोटा।** रहली विधानसभा से विधायक गोपाल भार्गव द्वारा अपने निवास से रविवार को 14 मरीजों को उनके परिजनों सहित कुल 32 लोगों को एम्बुलेंस एवं निजी वाहनों द्वारा बेहतर उपचार हेतु भोपाल भेजा गया। दमोह जिले से रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन के लिए नन्हेलाल गौंड को तथा 6 वर्षीय बालिका तुलसी, जिसे हृदय में छेद की समस्या है, को भी उपचार हेतु भेजा गया है। सभी मरीजों का कल भोपाल के उत्कृष्ट अस्पतालों में समुचित उपचार कराया जाएगा।



## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नवीन सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का लोकार्पण

**सागर।** डॉ हरीसिंह सिंह गौर विश्वविद्यालय, साग़र के शारीरिक शिक्षा विभाग में आयोजित कार्यक्रम में सागर लोकसभा सांसद डॉ. लता वानखेड़े एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने नवीन सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का लोकार्पण किया । डॉ. लता वानखेड़े ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति को समर्पित यह एक सौगात है, खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन और बेहतर स्वास्थ्य का आधार भी हैं। विश्वविद्यालय के हमारे प्रतिभाशाली छात्रों को अब अपनी प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक सिंथेटिक टेनिस कोर्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि भविष्य में आधुनिक खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## कृषि आदान व्यापारियों की देशव्यापी हड़ताल मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

गढाकोटा में सोमवार के दिन खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर देशभर के कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। गढ़ाकोटा क्षेत्र के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार महेश दुबे को सौंपा । ज्ञापन में बताया गया कि एआईडीए नई दिल्ली एक पंजीकृत संगठन है, जो देशभर के लगभग 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के अनुसार पिछले 10 वर्षों से व्यापारी लगातार कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन बार-बार निवेदन के बावजूद समाधान नहीं हो सका है। इसी के विरोध में 27 अप्रैल को देशव्यापी हड़ताल कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया।

व्यापारियों ने खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, कंपनियों द्वारा खाद की डिलीवरी सीधे विक्रेता के केंद्र तक सुनिश्चित करने, डीलर मार्जिन को बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करने तथा 'साथी' पोर्टल की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। इसके अलावा अवैध एचटी



वीटी बीजों की बिक्री पर रोक या अधिकृत विक्रेताओं को नियमन के तहत अनुमति देने, सीलबंद पैकेट में गुणवत्ता खराब होने पर विक्रेता को दोषी न मानकर गवाह का दर्जा देने, एक्सपायर्ड कीटनाशकों को कंपनियों द्वारा वापस लेने की कानूनी बाध्यता तय करने की भी मांग रखी गई। व्यापारियों ने नए बीज अधिनियम एवं कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलरों के लिए बनाए गए कठोर प्रावधानों को शिथिल करने, झूठी शिकायतों पर कार्रवाई से पहले जिला स्तरीय जांच समिति बनाने, लाइसेंस निलंबन की स्थिति में 21 दिनों में स्वतः बहाली तथा हर साल प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त करने की भी बात कही। साथ ही कई राज्यों में बीजों के लिए लागू दोहरी लाइसेंस व्यवस्था को खत्म करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

ज्ञापन के अंत में व्यापारियों ने केंद्र सरकार के उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय और केंद्रीय कृषि मंत्रालय से एक माह के भीतर ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी खरीफ सीजन से पहले अनिश्चित कालीन बंद करने को मजबूर होना पड़ेगा, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

इस दौरान अभिषेक पटेरिया, संदीप घोसी सहित सुनील जैन, रघुवीर कुर्मी, खेमचंद गुडारे, वीरेंद्र विश्वकर्मा, मनोहर कुर्मी, देवेंद्र लोधी, अखिलेश जैन सहित बड़ी संख्या में कृषि आदान व्यापारी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल की बड़ी कार्रवाई तीन अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं बैठक से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही आदेशित किया कि उक्त अधिकारी समक्ष में स्वयं उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करे एवं कारण व्यक्त करे। जबाब प्राप्त नहीं हुआ अथवा जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी। अशोक मुकाती, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), सुरेश कुमार, पीडी एनएचएआई, डॉ. सरोज गुप्ता, प्राचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज, सागर को दिया गया कारण बताओ नोटिस।



**सागर।** नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ से उनके निवास पर सागर शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, शैलेंद्र तोमर, अवधेश तोमर ने सागर जिले से संबंधित राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।



## महापौर ने कलेक्टर से की मुलाकात, स्मार्ट सिटी परियोजना, डेयरी विस्थापन जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर प्रतिभा पाल से मुलाकात की। महापौर ने उनसे स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा कर बाकी कामों को पूरा कराने एवं किसी मद विशेष में राशि बाकी होने पर उसके काम लगाने की बात कही। महापौर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण है। इसने सागर की तस्वीर बदलकर स्वर्णिम इतिहास लिखने का काम किया है। पिछले कुछ समय से जारी गतिरोध के कारण परियोजना के कई काम अटके हैं। जिनका असर शहर के विकास और नागरिकों पर पड़ रहा है। ऐसे में इसकी विस्तृत समीक्षा आवश्यक है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप काम हो सकें। उन्होंने राजघाट बांध परियोजना को लेकर भी कलेक्टर को जानकारी दी। साथ ही आग्रह किया कि किसी दिन एमआईसी सदस्यों के साथ कलेक्टर बांध का निरीक्षण करने चलें, जिससे शहर की जनता की जरूरत के हिसाब से बांध के लिए जरूरी काम कराए जा सकें। उन्होंने डेयरी विस्थापन परियोजना की जानकारी भी कलेक्टर को दी। साथ ही बताया कि एक समय 90 फीसदी से अधिक डेयरियां शहर से बाहर हो गई थीं, परंतु बाद में अधिकांश वापस आ गईं। प्रशासनिक स्तर पर इसमें सहयोग करते हुए बची हुई डेयरियां शहर से बाहर कराकर एवं डेयरी विस्थापन स्थल पर पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्होंने इस मुहिम में सहयोग का आग्रह किया। इसके साथ ही शहर की यातायात एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर भी महापौर ने बात की।

## गवेषणासंवादः मृत्यु के बाद के विधिक अधिकार

# देहदान और अंगदान करने के नियमों के सरलीकरण कराए जाने पर विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मानव गरिमा और भेदभाव रहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए समर्पित संस्था 'गवेषणा' के 24 वें नियमित संवाद क्रम का आयोजन नगर के तिली वार्ड स्थित जिज्ञासा वाचनालय में हुआ। संवाद आयोजन में विमर्श का विषय मानव जीवन उपरांत विधिक अधिकारों को प्रकाशित करना रहा । उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश की ग्वालियर खंडपीठ के द्वारा कृषि विभाग के एक कर्मचारी की मृत्यु के बाद उनकी पदोन्नति और पेंशन प्रकरण में पारित फैसले को केन्द्र में रख कर विषय के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता और विधि विषेशज्ञ रामदास ने भारत में मृत्यु के बाद के अधिकारों पर विस्तृत व्यख्यान दिया । व्यख्यान में गरिमा पूर्ण अंतिम संस्कार, प्रतिष्ठा और निजता के अधिकार, संपत्ति के अधिकार, शव का सम्मान, वसीयत, उत्तराधिकार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला । 'गवेषणा'अध्यक्ष डॉ.मनोहर चौरसिया जो कि स्वयं देहदानी हैं, ने देहदान



और अंगदान मामलों में आ रही विधिक और नियमों की समस्याओं पर अपनी बात रखी । देहदान और अंगदान के मामलों में दुरूपयोग की आशंकाओं को निर्मूल करने के कठोर विधिक प्रावधानों के कारण आ रही व्यवहारिक समस्याओं और नैतिकता से जुड़े हुए विषयों के समाधान कराए जाने की आवश्यकता व्यक्त की। नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यु ट्रांसप्लान्ट ऑर्गनाइजेशन (नोटो) के अधिकार क्षेत्र को प्रदेश और देश के अधिक मेडिकल कालेजों को जोड़े जाने की आवश्यकता पर बल दिया । वर्तमान में राज्य में नोटो, गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल में ही सक्रिय बताया जा रहा है । देहदान और अंगदान वसीयत के बाद उत्तराधिकारियों की सहमति की विधिक अनिवार्यता को सरलीकृत कराए जाने की आवश्यकता व्यक्त की ।

गवेषणा की हमेशा से चली आ रही परंपराओं के अनुसार विषयों में आए तर्कों के विरुद्ध असहमति के वक्तव्यों का आदर पूर्वक स्वागत किया गया । विधि शास्त्र पर केनद्रित संवाद क्रम में मुख्य वक्ता विधि विशेषज्ञ, विश्विद्यालय शिक्षक और एड्व्होकेट रामदास के संबोधन पर जिज्ञासाओं से जुड़े हुए प्रश्न-उत्तर हुए ।

आयोजन में डॉ.शिवकुमार चैरसिया, अमिय साक्षी, इंजी. सारांश गौतम, डॉ.चन्दन कुमार, डॉ.तरूण, डॉ.अमरमणि त्रिपाठी, शिवकुमार यादव, बाबूलाल रजक, स्वाति विश्वास, डॉ.अजय कुमार, बृजेश मिश्रा, सोनू, लकी, और ओम आदि सहभागी रहे । प्रो.राजेश गौतम ने सम्वाद के निष्कर्ष पर बात रखते हुए सहभागी सुधि जनों का आभार व्यक्त किया।

### रेंजरों की बातचीत में बड़े अफसरों पर गंभीर आरोप

# वायरल ऑडियो ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

वन विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का मामला अब खुलकर सामने आता नजर आ रहा है। एक वायरल ऑडियो ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। टीकमगढ़ से लेकर छतरपुर और भोपाल तक इस ऑडियो के बाद हलचल मच गई है। ऑडियो में विभाग के दो रेंजरों के बीच बातचीत में न सिर्फ कथित कमीशनखोरी का जिक्र है, बल्कि यह भी संकेत मिलते हैं कि कमीशन न देने पर कार्रवाई का डर दिखाया जाता है। हालांकि तत्कालीन जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार द्वारा उक्त ऑडियो की वातचीत को स्वीकार करते हुए वायरल ऑडियो की पुष्टि भी की जा चुकी है।



#### 2-3 माह पुराना ऑडियो, जबरन वसूली के आरोप

वायरल ऑडियो में बातचीत में शामिल तत्कालीन जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने बेझिझक बताया कि उक्त वायरल ऑडियो 2 से 3 महीने पुराना है, जिसमें जतारा के तत्कालीन रेंजर और रेंजर एसोशियेशन के अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार और टीकमगढ़ के रेंजर सौरभ जैन के बीच बातचीत दर्ज है। इस बातचीत में टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन द्वारा छतरपुर सर्किल के वरिष्ठ अधिकारी सीसीएफ और उनके मुख्य लिपिक राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी पर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि विभागीय कार्यों में प्रतिशत के हिसाब से कमीशन तय कर जबरन वसूली की जा रही है।

#### पैसा नहीं तो कार्रवाई तय, वायरल ऑडियो में बड़ा व गंभीर दावा

वायरल ऑडियो में यह दावा किया गया है कि जिस प्रकार जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के विरुद्ध पहले आरोप पत्र जारी किए जाने और फिर निलंबन की कार्यवाही की गईं है उसी तरह टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन द्वारा कमीशन न दिए जाने पर उनपर भी कार्यवाही हो सकती है। इस आधार पर यह पता चला कि जतारा रेंजर शिशुपाल के विरुद्ध निलंबन कार्यवाही के पीछे असली वजह कमीशन न दिया जाना था। बातचीत में यह भी कहा गया है कि इसी कार्रवाई को उदाहरण बनाकर दबाव बनाया जा रहा है।

#### सीसीएफ के सामने बैठकर ही बाबू ने रेंजर से मांगा कमीशन

उक्त वायरल ऑडियो में रेंजर सौरभ जैन की बातो से यह बात सामने आई है कि छतरपुर सीसीएफ के सामने ही उनके मुख्य लिपिक राघवेंद्र द्विवेदी द्वारा टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन से कथित तौर पर 3 प्रतिशत कमीशन सीसीएफ के लिए और 1 प्रतिशत कमीशन बाबू द्विवेदी ने अपने लिए मांग की गई। साथ ही आरोप पत्र और सस्पेंशन का डर दिखाकर दबाव बनाने की बात भी कही गई है।

#### जतारा रेंजर व रेंजर एसोशियेशन अध्यक्ष ने बताया ऑडियो सही

जब उक्त वायरल ऑडियो की बातचीत में शामिल तत्काल जतारा रेंजर व रेंजर एसोशियेशन अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार से ऑडियो में हुई बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेझिझक बताया कि उक्त ऑडियो 2 से 3 माह पूर्व का है जिसमें टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन ने उन्हें रेंजर एसोशियेशन अध्यक्ष के रूप में सीसीएफ और बाबू द्विवेदी द्वारा दबाब डालकर कमीशन की मांग करने के बारे में बताया था। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बातचीत उनकी और टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन के बीच 2 से 3 महीने पहले हुई थी। इस बयान के बाद पूरे प्रकरण की विश्वसनीयता और बढ़ गई है, जिससे विभाग में खलबली मच गई है। हरिभूमि समाचार पत्र उक्त वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता।

#### प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की चुप्पी ने बढ़ाए सवाल

जब इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया लेने के लिए छतरपुर और भोपाल स्तर के वन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो अधिकांश ने फोन रिसीव नहीं किया या बात करने से बचते नजर आए। अधिकारियों की यह चुप्पी कई नए सवाल खड़े कर रही है कि क्या वाकई विभाग में कमीशन का खेल चल रहा है? वायरल ऑडियो ने वन विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। यदि आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल एक जिले का मामला नहीं बल्कि पूरे सिस्टम में जड़ें जमा चुकी कमीशन व भ्रष्टाचार रूपी गंभीर बीमारी का संकेत है। अब नजर इस बात पर टिकी है कि शासन-प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

#### बचाइए साहब...रेंजर एसोशियेशन अध्यक्ष से रेंजर ने लगाई ऑडियो में गुहार

ऑडियो में कथित तौर पर टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन द्वारा एसोसिएशन अध्यक्ष शिशुपाल से गुहार लगाते हुए सुना जा सकता है कि उन्हें इस कमीशन के दबाव से बचाया जाए। यह हिस्सा पूरे मामले को और संवेदनशील बना देता है, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर दबाव और भय का माहौल झलकता है। साथ ही बरिष्ठ अधिकारियो तक फैले हुये कमीशन के खेल को भी उजागर करता है। जिससे निचले क्रम के अधिकारियों को मजबूरन भ्रष्टाचार करना पड़ता है।

#### इनका कहना है...

वायरल ऑडियो में की जा रही बातचीत को लेकर रेंजर से जानकारी ली जाएगी।
**राजाराम परमार, डीएफओ वन विभाग टीकमगढ़**

उक्त ऑडियो और इसमें की गई बातचीत सही है और ये बातचीत टीकमगढ़ रेंजर ने मुझसे ही रेंजर अध्यक्ष से शिकायत रूप में की थी।
**शिशुपाल अहिरवार, तत्कालीन रेंजर जतारा व एसोशियेशन अध्यक्ष**

ऑडियो में की गई बातचीत और ऑडियो गलत है। मै इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहता।
**सौरभ जैन, रेंजर टीकमगढ़**

### न्यू कोर्ट कॉलोनी में लाखों की चोरी मामले में पुलिस अलर्ट

# फॉरेन्सिक व डॉग स्क्वाड ने खंगाले सुराग व सीसीटीवी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के जतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू कोर्ट कॉलोनी में 26 अप्रैल की रात हुई लाखों रुपए की सनसनीखेज चोरी के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए जांच को तेज कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के सख्त निर्देशों के बाद जतारा थाना पुलिस पूरी सक्रियता के साथ आरोपियों तक पहुंचने की कवायद में जुट गई है।

चोरी की इस वारदात में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी निवासी बिहारी लाल अहिरवार अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए हुए थे। इसी दौरान बंद पड़े मकान को देखकर चोरों ने सुनियोजित तरीके से ताला तोड़ा और घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखे करीब 8 से 10 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और लगभग 20 से 25 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि यह कीमती सामान परिवार के तीन-चार सदस्यों का था, जिसे सुरक्षित समझकर घर में रखा गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेन्सिक टीम और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया। फॉरेन्सिक टीम की फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ विभा खरे तथा डॉग स्क्वाड प्रभारी रवि प्रजापति ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। वहीं जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में थाना प्रभारी एनएस ठाकुर, प्रधान आरक्षक बृज किशोर, आरक्षक राजीव, संगम, संतोष आदि ने मौके पर जाकर सघनता से जांच करते हुये सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही उक्त चोरी मामले का खुलासा कर चोरो को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस द्वारा कॉलोनी एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस वारदात के बाद पुलिस ने भी गश्त बढ़ाने और संदिग्धों पर निगरानी रखने की बात कही है।



### मधुर उच्चारण और आत्मविश्वास से जीता सबका दिल, भारतीय संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश

# नन्ही प्रतिभा ने वैदिक मंत्रों से बांधा समा, कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में नन्ही प्रतिभा पर्णिका श्रीवास्तव को उनकी उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति और वैदिक मंत्रों के प्रभावशाली उच्चारण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिया ने पर्णिका को सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम के दौरान पर्णिका श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रों का अत्यंत मधुर, स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कम उम्र में इस स्तर का आत्मविश्वास और शुद्धता के साथ मंत्रोच्चार करना सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। पर्णिका की इस उपलब्धि के पीछे उनके माता-पिता डॉ. निखिल श्रीवास्तव और कल्याणी श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परिवार द्वारा बचपन से ही उन्हें भारतीय संस्कृति, संस्कारों और वैदिक परंपराओं से जोड़ने का सतत प्रयास किया गया, जिसका परिणाम आज उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति के रूप में सामने आया।

समारोह में मौजूद अतिथियों ने पर्णिका की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं से जुड़ना समाज के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश है। पर्णिका का यह प्रयास नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद पर्णिका के माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी अपनी बेटी को भारतीय संस्कृति, वैदिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ पर्णिका श्रीवास्तव का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसपी मंडलोई ने चौराहे पर खुद संभाली कमान, 25 चालकों को मौके पर पहनाया हेलमेट

# 'हेलमेट केवल नियम नहीं, जीवन सुरक्षा का साधन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में हेलमेट जागरूकता अभियान को नई दिशा दी जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की मंशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के नेतृत्व में प्रभावी रूप से जमीन पर उतारा जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला अस्पताल चौराहे पर एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने सीधे वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।




कार्यक्रम की खास बात यह रही कि हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले जिम्मेदार नागरिकों को पुलिस द्वारा पानी की बोतल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं बिना हेलमेट के वाहन चला रहे 25 चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनाकर उन्हें नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 25 वाहन चालकों को पानी की बोतलें भी वितरित कीं। इस दौरान चालकों को हेलमेट के महत्व, सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम और उससे होने वाले नुकसान के बारे में सरल भाषा में समझाया गया, ताकि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति सजग हो सकें।



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई ने कहा कि हेलमेट केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। हमारा उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जो नियमों का पालन कर रहे हैं, उन्हें सम्मानित करना और जो अभी जागरूक नहीं हैं, उन्हें प्रेरित करना है। इसी संतुलन से सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी सूबेदार आर्या पाराशर, सूबेदार उत्तम सिंह सहित पुलिस अधिकारी, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। यह पहल कानून के सख्त पालन के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता का संदेश भी देती है, जो एक जिम्मेदार और सुरक्षित समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# अवैध उत्खनन-परिवहन पर कसा शिकंजा, खनिज अमले की दबिश

### रेत माफिया पर प्रशासन की कार्रवाई 2 ओवरलोड डंपर व जेसीबी-ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में गठित टीम ने सुबह 6 बजे से दोपहर तक विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियान के तहत जतारा बाईपास पर रेत से भरे दो ओवरलोड डंपरों को रोककर जप्त किया गया। दोनों वाहनों को विधिवत कार्रवाई के बाद जतारा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं ग्राम देरी में अवैध उत्खनन की सूचना पर खनिज टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी, जहां एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर जप्त किया गया। इन वाहनों को देरी उप-थाना की कस्टडी में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान टीम ने पचेर घाट का भी औचक निरीक्षण किया, हालांकि वहां किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने स्पष्ट किया कि कलेक्टर के सख्त निर्देशों के तहत यह अभियान लगातार जारी है और अवैध उत्खनन एवं परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह की औचक कार्यवाहियां जारी रहेंगी। इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की सक्रियता से जहां एक ओर सरकारी राजस्व की चोरी पर रोक लगेगी।

### दो दिन के अभियान में 106 आरोपी धराए, 500 लीटर से ज्यादा शराब जब्त

# पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन, 440 वारंट किए तामील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में 25 से 26 अप्रैल तक विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। दो दिवसीय इस व्यापक अभियान में पुलिस ने न केवल लंबित वारंटों की तामीली में बड़ी सफलता हासिल की, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी कड़ा प्रहार किया। अभियान के तहत जिले के सभी 14 थाना क्षेत्रों और 9 पुलिस चौकियों में सघन चेकिंग व गश्त की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की गई, जिससे पुलिस की सक्रियता हर स्तर पर नजर आई। कॉम्बिंग अभियान के दौरान कुल 440 वारंट एवं समंस तामील किए गए।







इनमें 44 गिरफ्तारी वारंट, 12 स्थायी वारंट जिनमें 5 साल से अधिक समय से फरार 2 आरोपी शामिल, 162 जमानती वारंट और 222 समंस शामिल हैं। यह कार्रवाई लंबे समय से फरार अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

अभियान के दौरान 58 हिस्ट्रीशीटर, 95 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों तथा 7 हाल ही में जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। आबकारी अधिनियम के तहत 105 प्रकरण दर्ज कर 106 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने 508 लीटर अवैध शराब, जिसकी कीमत लगभग 1.72 लाख रुपये आंकी गई है, जब्त की। साथ ही शराब परिवहन में इस्तेमाल दो बाइक भी जप्त की गईं।



थाना दिगोड़ा एवं चौकी खिरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 315 बोर के 2 देशी कट्टे और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान 452 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 66 चालानी कार्रवाई करते हुए 19,500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस व्यापक कार्रवाई के बाद साफ है कि टीकमगढ़ पुलिस सुरक्षा, सतर्कता और विश्वास के संकल्प को जमीन पर उतारने में पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है।

### मंत्री का दर्जा मिलने के बाद आज श्योपुर पहुंचेंगे रावत, स्वागत होगा


# दो दिन श्योपुर के दौरे पर रहेंगे विधानसभा अध्यक्ष, करेंगे कई सौगातों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्य प्रदेश वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद रामनिवास रावत मंगलवार को पहली बार श्योपुर पहुंचेंगे। इस दौरे को लेकर रावत के समर्थक बेहद उत्साहित दिखाई पड़ रहे हैं जो उनके स्वागत सत्कार की तैयारी में जुट गए हैं। उनका स्वागत सत्कार इसलिए और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि वह अपने साथ क्षेत्र के लोकप्रिय नेता, पूर्व स्थानीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भी साथ लेकर आ रहे हैं, जो कई कामों की सौगातें देंगे।

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर 28 एवं 29 अप्रैल को श्योपुर जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनके साथ मध्यप्रदेश वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत स्थानीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अप्रैल (मंगलवार) को विधानसभा अध्यक्ष सुबह 10:10 बजे हेलीकॉप्टर से श्योपुर पहुंचेंगे। ओर 10:20 बजे होटल राधिका विलास पहुंचकर आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं से मिलने वाले सुझावों और आमजन से मिली शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर एवं मध्यप्रदेश वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत का स्वागत सत्कार करने की अपील की है।





#### विजयपुर सज, जोरदार स्वागत होगा

मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के साथ रामनिवास रावत बुधवार को विजयपुर पहुंचेंगे जहां उनके समर्थक उनका स्वागत करने की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। तय कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे विधानसभा अध्यक्ष तोमर, वन विकास निगम अध्यक्ष रावत क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर विजयपुर पहुंचकर ब्लॉक कार्यालय में विभिन्न सड़कों एवं नल-जल योजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। 12:30 बजे निर्माणाधीन अस्पताल भवन, तहसील भवन एवं सांदीपनि विद्यालय भवन का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत्कार कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

#### किसान नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का होगा अनावरण

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दोपहर 12 बजे पुल दरवाजा पर चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ज्ञात हो कि उक्त प्रतिमा को नगरपालिका 6 माह पहले लगाकर लोकार्पण के लिए तैयार कर चुकी थी लेकिन इसके अनावरण को लेकर तब विवाद हो गया था जब चौधरी चरण सिंह के समर्थक प्रतिमा का अनावरण उनके पोते केंद्र सरकार में मंत्री जयंत चौधरी के हाथों कराने पर अड़ गए थे लेकिन जयंत चौधरी का बिजी शेड्यूल होने ओर अब इन दिनों पश्चिम बंगाल ओर दूसरे राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव की उन पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होने के कारण वह श्योपुर नहीं पा रहे हैं। अब प्रतिमा का अनावरण विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे इस दौरान वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत और सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे।

#### अपनी सांसद निधि से स्मारक का करेंगे लोकार्पण

मंगलवार को सुबह 11:30 बजे गुलम्बर स्थित शहीद स्मारक का लोकार्पण भी विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया जाएगा। ज्ञात हो कि जब नरेंद्र सिंह तोमर श्योपुर एवं मुरैना संसदीय क्षेत्र से सांसद थे तब शहर के सौंदर्य करण को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने जय स्तंभ पर बने पुराने ओर जर्जर हो चुके स्मारक के स्थान पर शहर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थल पर शहीद स्मारक बनाने के लिए सांसद निधि स्वीकृत की थी तब से लेकर अब तक प्रशासन उक्त स्थल पर सांसद निधि से स्मारक नहीं बन सका था इस संबंध में ध्यान आकर्षण करने पर नरेंद्र सिंह तोमर के निर्देश पर शहीद स्मारक बनकर तैयार हो गया है जिससे शहर का हृदय स्थल माने जाने वाले जय स्तंभ की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाएगी इस दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत, क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

### अगरा थाना क्षेत्र में आधी रात में हुई लूट की वारदात, पड़ोसी ही निकला लुटेरा

# घर में सो रही बुजुर्ग महिला से लूट, कान के बाले और मंगलसूत्र छीन ले गया बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अगरा थाना क्षेत्र के ग्राम बवनवास में रात्रि के दौरान घर में सो रही एक बुजुर्ग महिला के साथ लूट किए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। लुटेरा कोई और नहीं, बल्कि उसके मोहल्ले में ही रहने वाला युवक निकला है। जो रात्रि के दौरान दीवार फांदकर घर में कूदा और फिर घर के चौक में सो रही बुजुर्ग महिला का मुंह दबाकर उसके कान के बाले और मंगलसूत्र छीनकर भाग निकला। लूटे गए आभूषणों की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए बताई जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार है, लेकिन अगरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बवनवास निवासी बुजुर्ग महिला रामकुमारी (60), पत्नी स्वर्गीय काशीराम धाकड़ 25-26 अप्रैल की दरमियानी रात जब अपने घर के





चैक में अकेली सो रही थी। तभी रात्रि साढे 12 बजे के आसपास आरोपी दिलीप उर्फ दिल्लू पुत्र नरेश धाकड़ दीवार फांदकर घर के अंदर कूद गया। जहां खटिया पर गहरी नींद में सो रही बुजुर्ग महिला का एक हाथ से मुंह दबाया और फिर उसके कानो से सोने के बाले व मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। बुजुर्ग महिला ने जब तक शोर मचाकर पडोसियों को मदद के लिए बुलाने का प्रयास किया, तब तक को आरोपी गेट खोलकर भाग निकला। लूटे गए काने के वालों की कीमत लगभग 64 हजार रुपए और मंगलसूत्र की कीमत लगभग 26 हजार रुपए है। अगरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को अरेस्ट कर लिया जाएगा।

#### 50 मीटर की दूरी पर ही रहता है आरोपी

पुलिस के मुताबिक लूट करके भागा आरोपी दिलीप धाकड कोई बाहरी लुटेरा नहीं है, बल्कि वह पीडिता के मोहल्ले में ही करीब 50 मीटर की दूरी पर रहता है। हालांकि वह मुंह ढककर वारदात को अंजाम देने आया था, लेकिन कान के बाले और मंगलसूत्र छीनने के दौरान उसके मुंह पर लगा कपड़ा हट गया। जिसके चलते पीडित महिला ही उसे पहचान गई। बताया जा रहा है कि दिलीप के खिलाफ चोरी और मारपीट के करीब आधा दर्जन मामले पंजीबद्ध है। वह रुक रुककर अपराध घटित करता है।

### निक्षय मित्र बनाने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश

# बालिका शौचालय के निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राज्य शिक्षा केन्द्र अंतर्गत स्कूलों में बनाये जा रहे बालिका शौचालयों के निर्माण का कार्य शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जायें, इस कार्य की नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जायें तथा शौचालय निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जायें। यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनाये जाने और ग्रामीण क्षेत्रो में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाने के निर्देश भी दिए है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय कर ग्रामीण क्षेत्रो में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें, इसके लिए कैलेण्डर तैयार किया जाये तथा निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जायें, उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच सुनिश्चित की जायें। शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण अनमोल पोर्टल पर किये जायें। रक्त की कमी वाली गर्भवती महिला को एफसीएम एवं आयरन सुक्रोज दिया जायें और प्रसवपूर्व नियमित रूप से जांच की जायें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम की जिला स्तर से मॉनीटरिंग की जाये तथा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मरीजों को निक्षय अभियान के तहत फूड बॉस्केट वितरित की जायें, इसके लिए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाये जाये और उनसे सहयोग प्राप्त किया जायें। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जल संरक्षण से संबंधित कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जायें तथा उपयोगी संरचनाओं का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया जायें। उन्होंने कहा कि शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य 7 दिवस में पूर्ण कराये जायें।





#### जनगणना कार्य 1 मई से

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जायें और प्रगणकों को सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में तकनीकी एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोलरूम भी स्थापित किया गया है।

### इंदौर से पकड़े गए चार आरोपियों को पीआर पर लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

# ढाई साल की मासूम बालिका को हाईवे पर छोड़ने वाले पति पत्नी को कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे 552 पर सोंईकलां के पास एक ढाई साल की मासूम बालिका को छोडकर चले जाने वाले पति पत्नी को पुलिस ने पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद श्योपुर न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से कोर्ट ने उन्हें 11 मई तक के लिए जेल भेज दिया है। इधर जिन चार आरोपियों को पुलिस इंदौर से अरेस्ट करके लाई है, उन्हें 29 अप्रैल तक की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस रिमांड पर लिए चारो आरोपियों को लेकर एक पुलिस टीम इंदौर के लिए भेजी गई है।

यहा बता दें कि 18 अप्रैल की सुबह सोंईकलां के पास नेशनल हाइवे पर एक ढाई साल की मासूम रोती हुई मिली थी। जिसे कार में सवार लोग अल सुबह यहां छोडकर भाग गए। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान यह सामने आया कि भोपाल में रहने वाले आकाश मूंदडा और उसकी पत्नी कृतिका इस बालिका को महेंदीपुर बालाजी जाते समय यहां लावारिस छोडकर चले गए। जब पुलिस इन दोनो पति पत्नी को अरेस्ट करके श्योपुर लाई तो उनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस बालिका को इन्होने गोद नहीं लिया, बल्कि इंदौर से एक पार्लर संचालिका एवं उसकी सहयोगी महिलाओ से एक लाख रूपए में खरीदा था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में मानव तस्करी की धारा बढा दी। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद आकाश मूंदडा और उसकी पत्नी कृतिका को सोमवार को न्यायालय में पेश कर दिया, जहां से उन्हें 11 मई तक के लिए जेल भेज दिया है। मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी आकाश मूंदडा को श्योपुर जेल भेज दिया है। वहीं उसकी पत्नी कृतिका को शिवपुरी जेल के लिए भेजा गया है।





#### बालिका के असली माता पिता तक पहुंचे पुलिस के हाथ

बताया जा रहा है कि पुलिस के हाथ इस बालिका को जन्म देने वाले असली माता पिता के तक पहुंच गए है। लेकिन अभी इस संबंध में पुलिस के अधिकारी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। लेकिन पुलिस टीम बालिका के असली माता पिता को लेने के लिए श्योपुर से रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि जल्द पुलिस की टीम बालिका के असली माता पिता को श्योपुर लाकर पूरे मामले का खुलासा करेगी।

#### इनका कहना..

कोर्ट ने पति पत्नी को जेल भेज दिया है। इंदौर से अरेस्ट किए गए चार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी, श्योपुर**

# सरपंच संगठन आज बैठक करके सौपेंगा पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरपंच संगठन की एक बैठक मंगलवार को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत श्योपुर के कार्यालय में आयोजित होगी। यह जानकारी सरपंच संगठन के अध्यक्ष योगेश मीणा और सचिव महावीर सिंह मीणा ने देते हुए बताया है कि बैठक में सरपंचो को आ रही परेशानियों को लेकर चर्चा की जाएगा और प्रांतीय कार्यक्रम के अनुसार इन परेशानियों को निराकरण की मांग को लेकर बैठक के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। 8 सूत्रीय ज्ञापन में जो मांगे रखी जाएगी, उनमें 5 वें वित्त की राशि अतिशीघ्र जारी किए जाने, जी राम जी योजना को अतिशीघ्र चालू करने, जनपद स्तर पर 3 करोड रुपए का जो प्रावधान किया गया है उसमें भ्रष्टाचार होगा उसे रोकने व ठीक करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेत सड़क, सुदूर सड़क की प्रशासकीय की स्वीकृति जारी करने, ग्राम पंचायत की मांग के अनुसार खेत सड़क, सुदूर सड़क योजना चालू की जाए, वर्तमान जनसंख्या के आधार पर पंचायतों को राशि का आवंटन किए जाने, पांचवा वित्त से प्रत्येक पंचायत को कम से कम 25 लख रुपए की राशि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रदान करने, प्रत्येक ग्राम पंचायत में 9वीं पांचवां वित्त की राशि जल्द जारी करने तथा नवीन कार्य योजना जोडने संबंधी मांगे शामिल है।

# शिक्षक संघ ने शिक्षक के प्रति दिखाई उदारता, 50 हजार का चेक दिया

श्योपुर। विगत दिनों आकस्मिक निधन से जिस शिक्षक राहुल जाटव का निधन हुआ था उसके परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जय भीम शिक्षक संघ ने 50 हजार रुपए का चेक परिजनों को प्रदान किया। जय भीम शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष परिचित जाटव ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक राहुल जाटव का 10 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था। चूंकि संस्था का गठन शिक्षकों की हर प्रकार की समस्याओं का निराकरण करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें इलाज अथवा अंत्येष्टि के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराना है इसी क्रम में राहुल जाटव जिनका विगत दिनों देहांत हो गया था कि परिवार के लोगों को आर्थिक सहायता के रूप में समस्त शिक्षक साथियों ने कलेक्शन कर 50 हजार रुपए का चेक उपलब्ध कराया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गिर्राज घाट पर श्रमदान किया

# लापरवाही से छोड़ी गंदगी खत्म कर रही जीवनदायिनी को: कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सीप नदी को श्योपुर शहर के लिए जीवनदायिनी इसलिए माना जाता रहा है क्योंकि सीप के अस्तित्व के चलते ही शहर का अस्तित्व बचा हुआ है। सीप की वजह से शहर का भूजल स्तर ऊपर उठा हुआ है जब-जब भी सीप सूखती है शहर में पीने के पानी का संकट आ जाता है लेकिन जिस तरह हम लापरवाही बरतते हुए कभी न नष्ट होने वाली पॉलीथीन ओर प्रदूषण बढ़ाने वाला कचरा सीप में नालियों के माध्यम दान करते हैं तब तब सीप का अस्तित्व हम खतरे में डाल देते हैं। अगर सीप का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा तो समझो शहर में पानी की भी विकराल किल्लत हो जाएगी प्रकृति से मिले इस वरदान को हमें सहेज कर रखने की जरूरत है और इसके लिए कुछ लोगों को नहीं हर एक व्यक्ति को इसकी चिंता करने की जरूरत है। यह बात समाजसेवी कैलाश पाराशर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को गिर्राज घाट पर हुए श्रमदान कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवियों जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही।

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार नगर पालिका श्योपुर द्वारा समाजसेवी संगठनों एवं नागरिकों के साथ मिलकर सीप नदी के किनारे पर स्थित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र रहे गिर्राज घाट की स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जागरूक नागरिकों, गायत्री परिवार, जन अभियान परिषद, मातृछाया, एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं नगर पालिका के कर्मचारीयों ने सहभागिता करते हुए नदी में तैर रहे कचरे पोलीथीन इत्यादि को निकालकर निस्तारण के लिए टचिंग ग्राउंड भिजवाया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद व दीप चंद्र रेगर, समाजसेवी, सुजीत गर्ग, पूर्व पार्षद मिथलेश तोमर, भास्कर टकसाली, चौथमल शर्मा, राजेन्द्रगुप्ता, जन अभियान की जिला समन्वयक नेहा चौहान, सुधाकर पचौरी, आदित्य चौहान, सत्यभानू जाटव, अरविंद पाराशर, राजेश मीणा, पचौरी, कृष्णगोपाल शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित रहे।



#### ज्ञान भारतम जिला स्तरीय समिति का गठन

श्योपुर। पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्राहलय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रचार-प्रसार हेतु दिये गये निर्देशो के क्रम में कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में ज्ञान भारतम जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय समिति में सदस्य-सचिव होंगे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, प्राचार्य शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर डॉ ओपी शर्मा, सहायक प्राध्यापक खेमराज आर्य एवं अनिल तोमर को सदस्य बनाया गया है। एसडीएम श्योपुर श्री गगन सिंह मीणा समन्यक रहेंगे। समिति द्वारा जिले में स्थित निजी शोध संस्थान, महाविद्यालयों, ग्रंथालय, मंदिरों, मठ-आश्रम, प्रायवेट ट्रस्ट इत्यादि में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पाडू लिपियों की खोजकर ज्ञान भारतम एप पर अपलोड किया जाना है।

### हजारो लोगों की उपस्थिति में होगा पाणिग्रहण संस्कार, वर वधुओं को आशीर्वाद देने पहुंचेगे कई दिग्गज

# नौनार सरकार धाम आज बनेगा जनकपुर 351 गरीब कन्याओं का निशुल्क विवाह होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल के वनांचल क्षेत्र स्थित नौनार सरकार धाम में मंगलवार को जनकपुर बनता दिखाई पडेगा। क्योंकि मंगलवार को यहां 351 गरीब कन्याओ का निशुल्क विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। इसके लिए यहां सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं विवाह के लिए भव्य पांडाल सजा दिया गया है। जहां मंगलवार की दोपहर को पूज्य नौनार सरकार महाराज के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक वर वधुओं का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान यहां हजारों लोगो की मौजूदगी इस भव्य कार्यक्रम की साक्षी बनेगी।

खास बात यह है कि नौनार सरकार धाम पर मंगलवार को आयोजित होना वाला निशुल्क विवाह कार्यक्रम इस साल दूसरा आयोजन है। इस दौरान विवाह बंधन में बंधने वाले सभी वर वधुओ को आशीर्वाद देने के लिए यहां कई दिग्गज राजनेतागण भी पहुंचेगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मप्र सरकार द्वारा हालही में मंत्री दर्जा से नवाजे गए रामनिवास रावत, क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर के यहां पहुंचने का कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव के भी यहां पहुंचने की संभावनाए जताई जा रही है। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य कई क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी और विभिन्न समाजसेवी संगठनों सहित राजनैतिक दलो से जुडे लोग भी बडी संख्या में यहां पहुंचेगे। उधर कार्यक्रम में लोगो की भीड को देखते हुए पुलिस व प्रशासन की ओर से सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



#### करीब एक लाख का सामान भी दिया जाएगा उपहार में

नौनार सरकार धाम में मंगलवार को आयोजित होने वाले निःशुल्क विवाह कार्यक्रम में जो गरीब बेटियां विवाह बंधन में बंधेगी, उन्हें करीब एक लाख रूपए का उपहार भी दिया जाएगा। जिसमें फ्रिज, कूलर, अलमारी, सिंगल बेड, सोफा सेट, बर्तन, गद्दे रजाई, चांदी की तोड़िए सहित अन्य सामान भी शामिल रहेगा।

#### भागवत कथा का समापन, आज भंडारा



नौनार सरकार धाम पर 21 अप्रैल से चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का समापन सोमवार को हो गया है। जबकि मंगलवार को यहां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस भंडारे में करीब 50 हजार लोगो के भोजन ग्रहण करने की उम्मीद जताई जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा वाचन के अंतिम दिन कथा व्यास पूज्य संत शिवम बापू महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के संपूर्ण जीवनवृत पर चर्चा की और इससे मिली सीख को अपने जीवन में उतारने की नसीहत दी। उन्होने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र की भांति भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीख लेकर हम खुद के जन्म को धन्य बना सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा से किसी भी जीव की सेवा करने वाले कभी दुख नहीं भोगते। आयोजको ने बताया कि मंगलवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। जो सुबह 9 बजे से आरंभ हो जाएगा। भंडारे की प्रसादी पाने के लिए अलग पांडाल बना दिया गया है। जहां सोमवार से ही भंडारे के लिए प्रसादी बनने का सिलसिला शुरू हो गया है। यह भंडारा मंगलवार को देर शाम तक चलेगा। इस दौरान करीब 50 हजारो लोगो के इस भंडारे में पहुंचकर प्रसादी पाने की उम्मीद है।

